बिहार विधान सभा सचिवालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत प्रक्षेत्र का छठा सम्मेलन, पटना फरवरी, 2018 में शामिल होने हेतु आने वाले अतिथियों के लिए स्मृति चिन्ह (मेमेन्टो) की आपूर्त्ति हेतु विभिन्न इच्छुक फर्मों/संस्थानों से विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक 19.01.2018 को 03.00 बजे अपराह्न तक मुहरबंद लिफाफे में निविदाएँ सचिव, बिहार विधान सभा के पदनाम से यथा निर्धारित शर्त्तों पर आमंत्रित की जाती है :-

क्र. सं.	सामग्री का नाम	सामग्री की संख्या	आकार (फ्रेमिंग सहित)
01.	मेमेन्टो (प्रतीक चिन्ह कलात्मक ढंग से 450 माईक्रॉन पतली लकड़ी (महोगनी/ ओकवृक्ष/ भारतीय बर्च/ लॉरैल) पर बिहार विधान सभा के विस्तारित भवन का चित्र एवं सम्मेलन का नाम उत्कीर्ण होना आवश्यक है । पूरी कलाकृति फाईवर ग्लास के साथ फ्रेम की हुई होनी चाहिए)	160	12.5"×17.5"

शर्त्तें:-

1. मेमेन्टो का नमूना निविदा खुलने के समय सम्बन्धित फर्म/संस्थान के प्रबंधक अथवा उनके प्रतिनिधि अपने साथ लायेंगे ।
2. सभी प्राप्त निविदा से सम्बन्धित मुहरबंद लिफाफा तिथि 19.01.2018 को 03:30 बजे अपराह्न में सचिव, बिहार विधान सभा के कार्यालय कक्ष में निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी ।
3. पूरी सामग्री आदेश प्राप्त होने के 10 दिनों के अन्दर सभा सचिवालय को निश्चित रूप से प्राप्त करा देना होगा ।
4. इस कार्य में अभिरूचि रखने वाले फर्म/संस्थान का निबंधन प्रमाण-पत्र, अद्यतन आयकर एवं बिक्री कर (GST/चुकता प्रमाण-पत्र) की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा ।
5. निविदा के साथ अग्रधन की राशि अंके- 18000/-(अठारह हजार रूपये) नकद बिहार विधान सभा के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के पास जमा करना होगा ।
6. किसी एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताए रद्द या अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार बिहार विधान सभा को सुरक्षित रहेगा ।
7. कार्य संतोषप्रद एवं नमूना के अनुरूप होने के उपरान्त विपत्र का भुगतान किया जाएगा ।

11.1.18

उदय कुमार सिंह
अवर सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।